भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-146
उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

आरयूएसए के अन्तर्गत रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम

†146. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे :
श्री दिलीप शइकीया:
श्री नारणभाई काछड़िया:
श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:
श्री देवजी पटेल:
श्री बिद्युत बरन महतोः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) 2.0 के तहत उच्च शिक्षा में छात्रों को कौशल विकास या रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम प्रदान करने पर केंद्रित किसी नए घटक को जोड़ने के लिए नीति/प्रस्ताव पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग): सरकार ने 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधान मंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-यूएसएचए) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तीसरे चरण को मंजूरी दी है।

पीएम-यूएसएचए दिशानिर्देशों के अनुसार, कौशल विकास या रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए की जा सकने वाली गतिविधियों की सूची में 21वीं सदी के कौशल के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप/प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में नए पाठ्यक्रमों का नवाचार, प्लेसमेंट/प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम, उद्योग हेतु तैयार पाठ्यक्रमों में वृद्धि के अनुसार संरचनात्मक सुधार, और उद्योग-अकादमिक संबंध, कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों के लिए स्टार्ट-अप ऊष्मायन केंद्र और प्रौद्योगिकी विकास केंद्र स्थापित करने जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

*****